# विधानसभा आम निर्वाचन-2023 : रायगढ़ जिले के चार विधान सभाओं के लिए 50 अभ्यर्थियों ने जमा किया नामांकन

**❑ रायगढ़ के लिए 24, धरमजयगढ़-7, खरसिया-10 एवं लैलूंगा के लिए 9 प्रत्याशियों ने दाखिल किया नामांकन**

**❑ दो नवम्बर है नाम वापसी की अंतिम तारीख, 17 नवम्बर को होगा मतदान**

**रायगढ़।** विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के लिए जिले की चार विधानसभाओं हेतु नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर तक कुल 50 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र जमा किये है। जिनमें लैलूंगा से 9, रायगढ़ से 24, खरसिया से 10 एवं धरमजयगढ़ विधानसभा से 7 अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किया है। अभ्यर्थियों द्वारा नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 2 नवम्बर है एवं आगामी 17 नवम्बर 2023 को मतदान होगा।

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-15 लैलूंगा से 9 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। इनमें मनीषा गोंड (जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे), विद्यावती सिदार (इंडियन नेशनल कांग्रेस), सुनीति सत्यानंद राठिया (भारतीय जनता पार्टी), अजय कुमार पंकज (हमर राज पार्टी), रघुवीर राठिया (गोंडवाना गणतंत्र पार्टी), श्रवण भगत (बहुजन मुक्ति पार्टी),श्री अशोक कुमार भगत (निर्दलीय), भजन सिदार (निर्दलीय) एवं महेन्द्र कुमार सिदार (निर्दलीय) शामिल है।

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-16 रायगढ़ से 24 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। इनमें गोपिका गुप्ता (निर्दलीय),श्री नारायण दास (निर्दलीय), ब्रजमोहन अग्रवाल (निर्दलीय), मधुबाई (जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे), ओमप्रकाश चौधरी (भारतीय जनता पार्टी), प्रकाश नायक (इंडियन नेशनल कांग्रेस),श्री गोपाल प्रसाद अग्रवाल (आम आदमी पार्टी), राजीव रत्न गुप्ता (निर्दलीय), अरूण अग्रवाल (आम आदमी पार्टी), शंकर लाल अग्रवाल (निर्दलीय), सुनील मिंज (जोहर छत्तीसगढ़), संजय शर्मा (निर्दलीय), इबरार अली उर्फ इबरार अहमद (निर्दलीय), गोपाल प्रसाद दुबे (निर्दलीय), सुरेन्द्र सिदार (निर्दलीय), गुरवारी जीनत परवीन (निर्दलीय), भुवनलाल पटेल (छत्तीसगढ़ समाज पार्टी), अशोक गार्डिया (निर्दलीय), कान्ति साहू (आजाद जनता पार्टी), भवानी सिंह सिदार (हमर राज पार्टी), राधेश्याम शर्मा (निर्दलीय), संतोष कुमार साहू (निर्दलीय), नजीर अहमद (समाजवादी पार्टी) एवं पुष्पलता टंडन (बसपा) शामिल है।





विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-18 खरसिया से 10 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। इनमें उमेश पटेल (इंडियन नेशनल कांग्रेस), परिमल यादव (जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे), पूर्णिमा विजय जायसवाल (आम आदमी पार्टी), प्रवीण विजय जायसवाल (आम आदमी पार्टी), महेश साहू (भारतीय जनता पार्टी), कीर्ति कुमार राठिया (गोंडवाना गणतंत्र पार्टी), भवानी सिंह सिदार (हमर राज पार्टी), यशवंत निषाद (जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी), गोवर्धन राठिया (निर्दलीय) एवं विनोद चन्द्र सिंह राठौर (निर्दलीय) शामिल है।

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-19 धरमजयगढ़ से 7 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। इनमें जोगेन्द्र एक्का (जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे), लालजीत सिंह राठिया (इंडियन नेशनल कांग्रेस), सत्यबती राठिया (बहुजन समाज पार्टी),श्री हरिशचंद्र राठिया (भारतीय जनता पार्टी), अनुप कुमार बरवा (बहुजन मुक्ति पार्टी), महेन्द्र कुमार सिदार (हमर राज पार्टी) एवं सुनील खेस्स (निर्दलीय)शामिल है।

## नामांकन पत्रों की संवीक्षा: खरसिया से 2 एवं रायगढ़ से 1 नामांकन पाए गए अवैध




**रायगढ़।** विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के लिए जिले की चार विधानसभाओं हेतु 30 अक्टूबर तक नामांकन के पश्चात आज 31 अक्टूबर को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा (स्कुरटनी)की गई। जिसके पश्चात खरसिया विधानसभा से 2 नामांकन तथा रायगढ़ से एक नामांकन को रिटर्निंग आफिसर्स ने अवैध घोषित किया तथा लैलूंगा से 9, रायगढ़ से 23, खरसिया से 8 एवं धरमजयगढ़ विधानसभा से 7 अभ्यर्थियों के नामांकन को वैध पाया गया। इस संबंध में जिला निर्वाचन शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार खरसिया विधानसभा के प्रत्याशी पूर्णिमा विजय जायसवाल (आम आदमी पार्टी) तथा कीर्ति कुमार राठिया (गोंडवाना गणतंत्र पार्टी)के नामांकन को अवैध घोषित किया गया। वहीं रायगढ़ विधानसभा के अरूण अग्रवाल (आम आदमी पार्टी) के नामांकन को संवीक्षा उपरांत अवैध घोषित किया गया। निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार 2 नवम्बर तक नाम वापस लिये जा सकेंगे।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### राष्ट्रीय खेल पुरस्कार के लिए पात्र खिलाड़ी दो नवम्बर तक सकते है ऑनलाईन आवेदन

**रायगढ़।** युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2023 के लिए पात्र खिलाडियों, प्रशिक्षकों, संस्थाओं, विश्व विद्यालयों से आवेदन मंगाये जाने हेतु सूचना जारी की गई है। पुरस्कार के लिए पात्र खिलाड़ी वेबसाईट dbtyas-sports.gov.in में 2 नवम्बर 2023 रात्रि 11.59 बजे तक ऑनलाईन आवेदन अपलोड कर सकते है। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

### सामान्य प्रेक्षक तापस राय और पवन कुमार से कर सकते हैं मुलाकात

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा क्षेत्र 17-सारंगढ़ के लिए आईएएस तापस राय (मो.नं.75870-16590) को और विधानसभा क्षेत्र 43-बिलाईगढ़ के लिए आईएएस पवन कुमार (मो.नं.75870-16591) को सामान्य प्रेक्षक नियुक्त किए गए हैं। दोनों सामान्य प्रेक्षक तापस राय और पवन कुमार से विश्राम गृह सारंगढ़ में मिलने के लिए आरक्षित समय दोपहर 3 से शाम 4 बजे तक राजनीतिक दल, मीडिया प्रतिनिधि एवं आम जनता मुलाकात कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि सभी प्रेक्षक गण का जिले में 29 अक्टूबर को आगमन हो चुका है।

### कलेक्टर ने राष्ट्रीय एकता दिवस पर अधिकारियों-कर्मचारियों को दिलाई शपथ

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** देश एवं प्रदेश के साथ ही जिले में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मंगलवार को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई। कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में राष्ट्रीय एकता दिवस पर सामूहिक शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। सामूहिक शपथ ग्रहण कार्यक्रम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी ने कलेक्टोरेट स्थित विभिन्न कार्यालयों के अधिकारी - कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई।

### राज्य स्थापना दिवस पर सभी शासकीय कार्यालयों और संस्थाओं के लिए स्थानीय अवकाश घोषित

**रायपुर।** राज्य शासन ने 'राज्य स्थापना दिवस' के उपलक्ष्य में एक नवंबर को छत्तीसगढ़ राज्य के समस्त शासकीय कार्यालयों एवं संस्थाओं के लिए स्थानीय अवकाश घोषित किया है। राज्य शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा आज मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर से इस आशय का आदेश जारी किया गया।

### स्कार्पियो की ठोकर से चार युवक घायल

**अंबिकापुर-रायपुर (आरएनएस)।** सरगुजा जिले में एक अनियंत्रित स्कॉर्पियो वाहन चालक ने करीब दर्जन भर बाइकों को ठोकर मार दिया। वहीं हादसे में चार युवक घायल हो गए हैं। हादसा कोतवाली थाना क्षेत्र के सदररोड का बताया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, देर शाम अंबिकापुर के सदर रोड के पास स्कॉर्पियो वाहन चालक को मिर्गी का दौरा पड़ गया इससे गाड़ी अनियंत्रित हो गई। वाहन दर्जन भर मोटरसाइकिल को रौंद डाला वहीं चार लोग इसकी चपेट में आ गए। जिनमें एक की हालत गंभीर बताई जा रही है।

## एफएसटी-जीएसटी टीम की बड़ी कार्यवाही, अपंजीकृत गोदाम से बरामद किया भारी मात्रा में साड़ी, कंबल व अन्य सामग्री, कार्यवाही जारी



**रायगढ़।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल ने जिले में निर्वाचन के दौरान आदर्श आचार संहिता के पालन व व्यय निगरानी के संबंध में गठित टीमों को लगातार मॉनिटरिंग करने तथा अवैध गतिविधियों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए हुए है। इसी क्रम में निर्वाचन में निगरानी के लिए गठित प्लाईंग स्क्वाड टीम (एफएसटी) ने आज सहायक कलेक्टर युवराज मरमट के नेतृत्व में स्टेट जीएसटी टीम के साथ मिलकर संयुक्त रूप से एक बड़ी कार्यवाही करते हुए रायगढ़ के एक अपंजीकृत गोदाम से भारी मात्रा में कंबल, साड़ी तथा अन्य गारमेन्ट सामग्री बरामद कर आगे की कार्यवाही शुरू की है। सहायक कलेक्टर युवराज मरमट ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि जूटमिल इलाके में छातामुड़ा चौक से पहले कृष्णा साल्वेंट नामक संस्थान के एक अपंजीकृत गोदाम पर आज छापा मारा गया। जहां बड़ी मात्रा में साड़ी, कंबल तथा अन्य कपड़े व गारमेन्ट आयटम स्टोर करके रखे गये थे। इस संबंध में संस्थान के मालिक को बुलाकर पूछताछ की गई, तो उनके द्वारा गोदाम में रखे गये सामान के संबंध में किसी भी प्रकार की पुख्ता जानकारी उपलब्ध नहीं करायी गयी है। इस संबंध में आगे टीम की विधिवत कार्यवाही जारी है।

## रेल्वे स्टेशन के बाहर गांजा बेचने ग्राहक ढूंढ रहे आरोपी को कोतवाली पुलिस ने पकड़ा, आरोपी से 10 किलो गांजा बरामद

**❑ चुनाव को लेकर अवैध शराब पर लगातार कार्रवाई के बीच कोतवाली पुलिस की गांजा रेड की बड़ी कार्रवाई**



**रायगढ़।** दिनांक 31.10.2023 के सुबह करीब 6:00 बजे कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि रायगढ़ रेलवे स्टेशन के बाहर मोटर स्टैंड के सामने एक व्यक्ति ट्रॉली वाले बैग में गांजा रख कर गांजा बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहा है।

सूचना पर नगर पुलिस अधीक्षक अभिनव उपाध्याय को प्राप्त होने पर तत्काल प्रशिक्षु डीएसपी अमन लखीसरानी, नगर कोतवाल शनिप रात्रे के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस की टीम बनाकर गांजा रेड कार्यवाही के लिये रवाना किया गया। रेल्वे स्टेशन के दोनों ओर कोतवाली स्टाफ संदेही की घेराबंदी करते हुए मोटर स्टैंड के सामने चबूतरा के पास एक संदिग्ध व्यक्ति को घर दबोचा गया जो एक चाकलेटी कलर के ट्रॉली बैग रखे हुआ था जिससे अवैध रूप से गांजा विक्रय के संबंध में कड़ी पूछताछ करने पर संदेही ने अपना नाम, पता और प्रयोजन बताया। संदेही ने अपना नाम सागर राजाराम उमाशरे पिता राजाराम उमाशरे उम्र 30 साल निवासी थाना व चिपलुन जिला रत्नागिरी (महाराष्ट्र) का होना बताकर और गांजा को विक्रय करने रेल्वे स्टेशन के बाहर ग्राहक तलाश करना बताया। पुलिस ने गवाहों के समक्ष ट्राली बैग की तलाशी ली जिसमें एक-एक किलो वाले 10 गांजा के पैकेट, वजन 10 किलो गांजा, कीमत करीब 1,20,000 रुपए का बरामद हुआ जिसकी विधिवत जप्ती कर आरोपी सागर राजाराम उमाशरे को थाने लाया गया। थाना कोतवाली में आरोपी के विरुद्ध 20 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। पुलिस अब इस बात की तफ्तीश में जुट गई है कि आरोपी गांजा कहां से लेकर आ रहा था और कहां ले जा रहा था।

बता दें कि विधानसभा चुनाव को लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा सभी थाना, चौकी प्रभारी को अवैध शराब, गांजा पर प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं जिसके तारतम्य में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस लगातार अवैध शराब पर कार्यवाही कर रही है।

## सामान्य प्रेक्षक एवं पुलिस प्रेक्षक ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

**❑ मतदान दल, सामग्री मूवमेंट और सुरक्षा व्यवस्था की ली जानकारी**



**रायगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा रायगढ़ जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक आईएएस रूपांजलि कार्तिक, आईएएस सी.एन लोंगफाई, आईएएस ससीम कुमार बरई एवं पुलिस प्रेक्षक आईपीएस लुनसिह कीपगेन ने आज संयुक्त रूप से स्ट्रॉन्ग रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केआईटी गड़उमरिया में स्थित चारों विधानसभा के लिए बनाए गए स्ट्रॉन्ग रूम, मतगणना कक्ष एवं सुरक्षा मानकों का भी निरीक्षण किया गया।

प्रेक्षकों द्वारा स्ट्रॉन्ग रूम के सुरक्षा संबंध के जानकारी लेने पर कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने बताया की चारों विधान सभा के लिए बनाए स्ट्रॉन्ग रूम सामने सीसीटीवी कैमरा लगाया जा रहा हैं, इसके साथ सिक्योरिटी हेतु फोर्स तैनात किया जाएगा। इस दौरान कलेक्टर गोयल ने सामान्य प्रेक्षकों को मतदान सामग्री वितरण व्यवस्था, मतदान सामग्री वापसी की व्यवस्था मूवमेंट, मतगणना स्थल तक पहुंच मार्ग, बिजली व्यवस्था, सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाएं, विधान सभावार आगमन, निकासी तथा पार्किंग व्यवस्था सहित अन्य कार्यों का निरीक्षण कराते हुए जानकारी दी। सामान्य प्रेक्षकों द्वारा अग्नि सुरक्षा हेतु प्रत्येक कक्ष में अग्नि शमन यंत्र रखने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर एसएसपी सदानंद कुमार, सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव, अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय, नगर निगम आयुक्त सुनील चंद्रवंशी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

सामान्य प्रेक्षकों की उपस्थिति में मतदान दलों का द्वितीय रेंडमाइजेशन संपन्न

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के तहत रायगढ़ जिले के चारों विधानसभाओ के लिए नियुक्त जनरल ऑब्जर्वर आईएएस रूपांजलि कार्तिक, आईएएस सी.एन.लोंगफाई, ससीम कुमार बरई की उपस्थिति में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल के मार्गदर्शन में जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में मतदान दलों का द्वितीय रेंडमाइजेशन किया गया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव, उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव कुमार पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर ऋतु हेमनानी, एसडीएम खरसिया रोहित कुमार सिंह, एआरओ धरमजयगढ़ तुलसी राठौर, एआरओ लैलूंगा नेहा उपाध्याय और निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## सामान्य प्रेक्षकों व व्यय प्रेक्षकों ने ली राजनीतिक दलों की बैठक : निर्वाचन व्यय के संबंध में दी जानकारी



रायगढ़। विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के लिए चारों विधानसभा क्षेत्रों के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक आईएएस रूपांजलि कार्तिक, आईएएस सी.एन.लोंगफाई, आईएएस ससीम कुमार बरई व व्यय प्रेक्षक द्वय ओमप्रकाश व पी.सुगेन्द्रन ने आज संयुक्त रूप से निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के संबंध में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की बैठक ली। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल भी बैठक में सम्मिलित हुए। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव एवं अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय भी उपस्थित रहे।

बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोयल ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा के प्रत्याशियों के व्यय हेतु निर्वाचन आयोग द्वारा व्यय सीमा निर्धारण किया गया हैं। उन्होंने व्यय लेखा मैंटेन करने के साथ लेखांकन टीम के पास संधारित करवाना आवश्यक है। इसके साथ उन्होंने बताया कि प्रत्याशियों के व्यय निगरानी के लिए वीएसटी द्वारा वीडियोग्राफी करायी जाएगी। जिसका अवलोकन कर व्यय का संधारण किया जाएगा। इसके साथ ही पेयजल, दरी, फैन, पंडाल जैसे विभिन्न सामग्रियों के साथ वाहन, नाचा दल, आदि के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा दर का निर्धारित किया गया हैं। प्रचार सामग्री वाहन के संबंध में बताया कि अनुमति लेकर कार्य करें, इसके साथ ही बैनर में मुद्रक एवं प्रति अनिवार्य रूप से अंकित किया आवश्यक हैं। इसके साथ ही खर्च में अंतर पाए जाने पर आप अपील कर सकते हैं। कलेक्टर गोयल ने कहा कि प्रत्याशियों के विज्ञापन व्यय के लिए एमसीएमसी गठित की गई हैं। जिसमें मीडिया मॉनिटरिंग की जा रही हैं, मीडिया में विज्ञापन की दर निर्धारित होने के साथ ही इस बार सोशल मीडिया का दर भी निर्धारित किया गया हैं। उन्होंने सोशल मीडिया के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि सभी आचार संहिता का पालन करेंगे एवं प्राप्त नोटिस का निर्धारित समय अवधि में जवाब देना सुनिश्चित करेंगे। बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर विधिक जागरूकता शिविर आयोजित



**रायगढ़।** जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ के मागदर्शन एवं निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ द्वारा जिला जेल, बाल संप्रेक्षण गृह, बाल आश्रम, ग्राम पंचायत विद्यालय, महाविद्यालयों आदि स्थानों पर राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इसी क्रम में जिला जेल रायगढ़ एवम बाल संप्रेक्षण गृह जिला रायगढ़ में भी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिन्होंने शिविर में एकता दिवस के महत्व को बताते हुए उपस्थित सभी लाभार्थिगणों को एकता की शपथ दिलाई। उन्होंने बताया कि देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा के संरक्षण और इसे सुदृढ़ बनाए रखने की भावना को और मजबूत करने के उद्देश्य से हम सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाते हैं। अखंडता तथा सुरक्षा को समझते हुए उन्होंने आगे बताया कि हमेशा मिलजुल कर रहे, कभी किसी का अहित न सोचे, हमें संविधान के अंतर्गत बने भारतीय कानूनी में जहा स्वयं के शरीर व संपत्ति की रक्षा का अधिकार है वही दूसरे के शरीर व संपत्ति तथा लोक संपत्ति के सुरक्षा का दायित्व भी है। इसलिए आप जहा भी हैं, एक दूसरे से अच्छी बातें सीखिए, शिक्षा साक्षरता से कही ज्यादा व्यापक अवधारणा है, अच्छे और बुरे के बीच भेद समझने हेतु साक्षर होना नहीं अपितु शिक्षित व जागरूक होना आवश्यक है।

## कलेक्टर ने डेंगू के रोकथाम के लिए जन-जागरूकता की दिशा में कार्य करने स्वास्थ्य अमले को किया निर्देशित

**❑ सबेरे से शहर के निरीक्षण में निकले कलेक्टर कार्तिकेया गोयल, साफ-सफाई व्यवस्था का लिया जायजा**



रायगढ़। जिले के नवपदस्थ कलेक्टर कार्तिकेया गोयल आज साफ-सफाई का जायजा लेने शहर निरीक्षण पर निकले थे। इस दौरान उन्होंने शहर के अलग-अलग ईलाकों का निरीक्षण किया और आयुक्त नगर निगम सुनील चंद्रवंशी को शहरों की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इस दौरान स्वास्थ्य अमला भी साथ रहा। कलेक्टर गोयल ने इस दौरान डेंगू प्रभावित क्षेत्रों का भी निरीक्षण किया तथा डेंगू के नियंत्रण हेतु अधिक मामले मिल रहे है उन स्थानों में वहां सोर्स रिडक्शन के साथ एनजीओ के सहयोग से जन जागरूकता के लिए विशेष रूप से प्रयास करने हेतु निर्देशित किया। जिससे लोगों में डेंगू को लेकर सतर्कता व सजगता बढ़े तथा डेंगू के रोकथाम के लिए जरूरी उपायों को लोग अपने घरों में अपना सके। इससे डेंगू के मामलों को पूर्णत: नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में भी जानकारी ली।

कलेक्टर गोयल ने इस दौरान शहर में बूजी भवन चौक, नेत्र चिकित्सालय के सामने, संजय काम्पलेक्स, गौरीशंकर मंदिर, केवड़ाबाड़ी बस स्टैण्ड व जयसिंह तालाब आदि स्थानों का निरीक्षण कर वहां साफ-सफाई का जायजा लिया। कलेक्टर गोयल ने कहा कि शहर में साफ-सफाई व्यवस्था दुरूस्त हो, इसके लिए नियमित रूप से सभी गारबेज प्वाईंट से कचरे का कलेक्शन किया जाए। इसके लिए उन्होंने मशीनरी के साथ ही छोटे-छोटे कचरे प्वाईंट से विशेष रूप से रोजाना उठाव करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही नालियों की नियमित सफाई पर भी विशेष जोर देने के लिए कहा। कलेक्टर गोयल ने जयसिंह तालाब के निरीक्षण के दौरान यहां की साफ-सफाई को लेकर निगम अमले को निर्देशित किया। इस दौरान नगर निगम व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी साथ मौजूद रहे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480